खबर संक्षेप

## पोकलेन मशीन का मदरबोर्ड चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल।** जिले की अमलाई पुलिस ने पोकलेन मशीन का महंगा पार्ट चोरी करने वाले आरोपी को प्रयागराज (उ.प्र.) से गिरफ्तार कर चोरी गया मदरबोर्ड बरामद कर लिया है। घटना तब सामने आई, जब फरियादी संजीत पाण्डेय ने सूचना दी कि उसकी पोकलेन मशीन से लगभग 3,20,000 कीमत का मदरबोर्ड चोरी कर लिया गया है। फरियादी के अनुसार यह चोरी मशीन के ऑपरेटर संतोष कुमार मौर्य उर्फ़ साहिल, निवासी प्रयागराज, द्वारा कार्यस्थल से की गई थी। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध करते ही अमलाई पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की और तकनीकी एवं मानव स्रोतों के आधार पर आरोपी की लोकेशन ट्रेस की।

पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी को प्रयागराज से हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की बात कबूल की और उसके कब्जे से पोकलेन मशीन का कीमती मदरबोर्ड बरामद कर लिया गया। इस कार्रवाई में उ.नि. श्याम सिंह, प्रधान आरक्षक शिवप्रसाद सिंह, प्र.आर. गणेश पाण्डेय, प्र.आर. रतन सिंह, आरक्षक शैलेश यादव, मयंक मिश्रा, एवं नरेंद्र यादव की सराहनीय भूमिका रही। अमलाई पुलिस की इस तत्परता ने एक महंगी औद्योगिक चोरी का खुलासा कर आरोपी को पकडने में बड़ी सफलता दिलाई है।

## सीईओ ने एस.आई.आर. के तहत किया जा रहे कार्यों का किया निरीक्षण

**शहडोल।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जयसिंहनगर श्रीमती शिवानी जैन ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत जनपद पंचायत जयसिंहनगर के मतदान केंद्र गांधिया में किये जा रहे डिजीटलाइजेशन के कार्यो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ने कहा कि मतदाताओं से प्राप्त गणना पत्रक को शत प्रतिशत बी.एल.ओ. ऐप में अपलोड करते हुए डिजीटलाइजेशन का कार्य कराना सुनिश्चित करें।

### पुलिस अधीक्षक की सख्त अपराध समीक्षा बैठक

# जनता की सुरक्षा सर्वोपरि, लापरवाही बर्दाश्त नहीं



**शहडोल।** जिले की कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने और अपराध नियंत्रण की स्थिति का जमीनी स्तर पर मूल्यांकन करने के लिए पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने आज पुलिस लाइन में एक महत्त्वपूर्ण अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में जिले भर के सभी एसडीओपी, थाना प्रभारी तथा चौकी प्रभारी उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक ने बैठक की शुरुआत ही कड़े लहजे में करते हुए कहा अपराध नियंत्रण कोई विकल्प नहीं, प्राथमिक जिम्मेदारी है। देरी, लापरवाही और ढिलाई अब किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी।

### लंबित मामलों पर बड़ा सख्त रुख

जिले में दर्ज लंबित अपराधों, विवेचना तथा चालान प्रस्तुतिकरण की विस्तृत समीक्षा करते हुए श्री श्रीवास्तव ने चेतावनी भरे स्वर में कहा कि प्रत्येक थाना प्रभारी अपने क्षेत्र के पुराने मामलों को जल्द से जल्द निपटाएं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि मामले फाइलों में दबाकर न रखे जाएं, विवेचना समय-सीमा में पूर्ण हो और हर प्रकरण का चालान बिना विलंब न्यायालय में प्रस्तुत हो। कप्तान ने कहा कि थानों में पेंडेंसी बढना जनता के भरोसे को चोट पहुंचाता है। इसलिए प्रत्येक थाना प्रभारी अपनी रिपोर्ट प्रतिदिन अपडेट करे और लंबित मामलों की मॉनिटरिंग शाखा को समय पर सूचना दे।

### जघन्य अपराधों की कड़ी निगरानी

बैठक का सबसे बड़ा फोकस गंभीर अपराध रहे। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिया कि हत्या, बलात्कार, लूट, डकैती तथा महिलाओं एवं बच्चों से जुड़े अपराध इनकी जांच में कोई भी त्रुटि नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जांच सिर्फ कागज पर नहीं, साक्ष्यों के आधार पर मजबूत हो। श्री श्रीवास्तव ने विशेष रूप से फॉरेंसिक और वैज्ञानिक साक्ष्यों के उपयोग को अनिवार्य बताया और कहा कि आधुनिक तकनीक का उपयोग ही दोषियों को कानून के शिकंजे में लाने का सबसे पुख्ता तरीका है।

### कोई बहाना स्वीकार नहीं

बैठक में कई थानों में चालान प्रस्तुतिकरण की धीमी रफ्तार पर पुलिस अधीक्षक ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने साफ कहा अन्वेषण अधिकारी अपनी जिम्मेदारी समझें। जिन मामलों में चालान लंबित हैं, उन्हें तुरंत निपटाया जाए। समय पर चालान न देना अपराध नियंत्रण की पूरी प्रक्रिया को कमजोर करता है। जनता और पुलिस के बीच दूरी मिटाने पर भी विशेष बल दिया गया। कप्तान ने कहा कि प्रत्येक थाना प्रभारी जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, महिलाओं, युवाओं और व्यापारी वर्ग से नियमित संवाद करें। उन्होंने रात्रि गश्त, पैदल पेट्रोलिंग और सामुदायिक सुरक्षा बैठकों को निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनता में सुरक्षा का भाव तभी मजबूत होता है, जब पुलिस की उपस्थिति महसूस हो और उसका व्यवहार संवेदनशील हो।

### किशोरियों की जागरूकता हमारी जिम्मेदारी

बैठक में ऑपरेशन मुस्कान की प्रगति की समीक्षा करते हुए श्री श्रीवास्तव ने इसे और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को कहा कि अपने-अपने क्षेत्रों में अधिक से अधिक किशोरी-जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इन कार्यक्रमों में आत्मरक्षा, साइबर जागरूकता, महिला सुरक्षा और कानून से जुड़े अधिकारों की जानकारी दी जाए, ताकि किशोरियां खुद को सुरक्षित और समर्थ महसूस कर सकें। समीक्षा बैठक के बाद पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम, 1989 के प्रभावी क्रियान्वयन पर एक दिवसीय कार्यशाला भी आयोजित की गई। कार्यशाला में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी, थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारी उपस्थित रहे। अधिकारियों को एसी/एसटी एक्ट के प्रावधानों, धाराओं, संवेदनशीलता, पीड़ितों की त्वरित सहायता, साक्ष्य संकलन तथा समय पर अभियोजन सुनिश्चित करने के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कप्तान ने निर्देश दिया कि अधिकारियों को न्यायालयों के नवीनतम निर्णयों और संशोधनों की भी जानकारी होनी चाहिए, ताकि जांच की गुणवत्ता और केस की मजबूती पहले से बेहतर हो सके।

### मजोर वर्गों की सुरक्षा सर्वोच्च लक्ष्य

बैठक के अंत में श्री श्रीवास्तव ने सभी अधिकारियों को याद दिलाया कि समाज के कमजोर वर्ग विशेषकर एससी/एसटी समुदाय की सुरक्षा पुलिस की शीर्ष प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा शहडोल पुलिस हर नागरिक की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। कानून व्यवस्था बनाए रखने में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समीक्षा बैठक और कार्यशाला दोनों ने इस बात को स्पष्ट कर दिया कि पुलिस अब अपराध नियंत्रण को लेकर पहले से अधिक सख्त, संवेदनशील और जवाबदेह रुख अपनाने जा रही है।

# यातायात पुलिस की दोहरी कार्रवाई

## ज्ञानोदय स्कूल में जागरूकता, बस स्टैंड पर सघन जांच



**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर यातायात पुलिस ने सडक़ सुरक्षा को लेकर दो महत्वपूर्ण कार्रवाइयाँ कीं, एक ओर विद्यार्थियों को जागरूक किया गया, तो दूसरी ओर बस स्टैंड पर यातायात नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के लिए वाहनों की गहन जांच की गई।

विद्यार्थियों को ट्रैफिक अनुशासन का पाठ ज्ञानोदय स्कूल में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में यातायात पुलिस टीम ने बच्चों को सडक़ सुरक्षा नियमों की विस्तार से जानकारी दी। टीम ने विशेष रूप से समझाया कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण किए बिना वाहन चलाना कानूनन अपराध है और इससे स्वयं की एवं दूसरों की जान पर खतरा बनता है। कार्यक्रम में पैदल चलने के सुरक्षा नियम, ग्रीन क्रॉस कोड, हिट एंड रन पीड़ित प्रतिकार योजना, राहगीर योजना तथा कैशलेस ट्रीटमेंट योजना के बारे में भी सरल एवं प्रभावी तरीके से जानकारी दी गई। प्रश्नोत्तरी में सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही बच्चों की



साइकिलों में आगे-पीछे रेडियम स्टिकर्स लगाए गए, ताकि वे रात में भी सुरक्षित रूप से सडक़ पर दिखाई दें।

### बस स्टैंड पर बसों की छानबीन

कार्यक्रम के बाद टीम ने जिला बस स्टैंड पहुंचकर बसों का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान फिटनेस, परमिट, बीमा, प्रेशर हॉर्न, इमरजेंसी एग्जिट विंडो, इमरजेंसी हैमर, फायर एक्सटिंग्विशर, फस्ट-एड बॉक्स, किराया सूची और टिकट बुक की जांच की गई। कुछ बसों में कम क्षमता (500एमएल) वाले फायर एक्सटिंग्विशर पाए गए, जिस पर चालकों को यात्री क्षमता के अनुरूप उपयुक्त फायर एक्सटिंग्विशर रखने की सख्त समझाइश दी गई। यातायात पुलिस की इन कार्रवाइयों का उद्देश्य सडक़ सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाना और परिवहन व्यवस्था में सतर्कता सुनिश्चित करना बताया गया है।

## 15 वर्षीय नाबालिग बालिका सुरक्षित बरामद

**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव द्वारा लंबित नाबालिग गुमशुदगी प्रकरणों की तत्काल दस्तयाबी के दिए गए निर्देशों के बाद जैतपुर पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए लापता 15 वर्षीय बालिका को सुरक्षित बरामद कर लिया है। गौरतलब है कि 13 नवंबर 2024 को परिजनों ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात व्यक्ति उनकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया है। शिकायत दर्ज होते ही जैतपुर पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की और परिजनों से प्राप्त महत्वपूर्ण जानकारियों के आधार पर लगातार सुराग जुटाए। काफी प्रयासों और सूचनाओं का विश्लेषण करने के बाद पुलिस टीम 21 नवंबर 2025 को दस्तयाबी के लिए रवाना हुई और बालिका को कोल्हारी थाना क्षेत्र के पास बस स्टैंड क्षेत्र से सुरक्षित बरामद कर लिया। बाद में उसे विधिवत परिजनों के सुपुर्द किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी जैतपुर निरीक्षक जियाउल हक के नेतृत्व में उ.नि. राजकुमार सिंह, प्र.आर. नितिन शुक्ला, आर. राजीव और अनिल मरावी की सराहनीय भूमिका रही। जैतपुर पुलिस की यह त्वरित कार्रवाई जिले में गुमशुदा नाबालिगों की दस्तयाबी के प्रति पुलिस की गंभीरता और संवेदनशीलता को दर्शाती है।

# असोढ़ स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक निलंबित

### अमरपुर के प्राथमिक शिक्षक पर भी दंड

**उमरिया।** निर्वाचन जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य में घोर लापरवाही, वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना तथा असत्य प्रगति प्रस्तुत करने के आरोप पर प्रभारी कलेक्टर अभय सिंह ने कड़ी कार्रवाई करते हुए इन्द्रपाल दहायत, सहायक शिक्षक एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक, शासकीय हाई स्कूल असोढ़ (मानपुर) को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन की कार्रवाई म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम-9 के तहत की गई है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, उमरिया नियत किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त होगा।

बीएलओ प्रगति में असत्य रिपोर्टिंग भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, म.प्र. के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 का कार्य जिलेभर में गतिमान है। आयोग ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि बीएलओ प्रतिदिन 10 प्रतिशत से अधिक गणना पत्रक डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण करें और बीएलओ सुपरवाइजर सतत निगरानी रखें। इन निर्देशों के विपरीत विधानसभा क्षेत्र 90-मानपुर के मतदान केंद्र क्रमांक 21 से 30 में तैनात बीएलओ सुपरवाइजर इन्द्रपाल दहायत द्वारा प्रस्तुत प्रगति असत्य पाई गई। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि उन्होंने आवंटित मतदान केंद्रों में सतत भ्रमण नहीं किया, बीएलओ से कोई समुचित संपर्क नहीं रखा, असत्य प्रगति प्रस्तुत कर वरिष्ठ अधिकारियों को भ्रमित करने का प्रयास किया।

समीक्षा हेतु आयोजित सायं गूगल मीट में भी वे अनुपस्थित रहे तथा बाद में मीटिंग के दौरान अभद्र भाषा व व्यवहार का प्रदर्शन किया। कार्य प्रगति में कमी पर वे संतोषजनक उत्तर भी नहीं दे सके। प्रशासन ने माना कि दहायत द्वारा जानबूझकर निर्वाचन कार्य में रुचि नहीं ली गई, जो म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम, 1965 के नियम-3 के तहत कदाचार है।

### प्राथमिक शिक्षक पर दंडात्मक कार्रवाई

प्रभारी कलेक्टर ने रामसरोवर प्रजापति प्राथमिक शिक्षक-शासकीय प्राथमिक विद्यालय अमरपुर (मानपुर) के विरुद्ध भी सेवा नियमों के उल्लंघन को लेकर दंडात्मक कार्रवाई की है। उन्हें म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 10(4) के तहत वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोके जाने की सजा दी गई है। यह आदेश भी तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। प्रशासन की इन कार्रवाइयों ने स्पष्ट संकेत दिया है कि निर्वाचन कार्य में जरा भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और शासन द्वारा निर्धारित दायित्वों के प्रति उदासीनता दिखाने वालों पर सख्त कदम जारी रहेंगे।

## छात्रों ने तिर्थंकर महावीर संग्रहालय का किया शैक्षणिक भ्रमण




**शहडोल।** माइंड्स आई इंटरनेशनल हाई स्कूल के छात्रों ने आज अपने अकादमिक भ्रमण के तहत तिर्थंकर महावीर संग्रहालय का शैक्षणिक दौरा किया। यह भ्रमण छात्रों में इतिहास, पुरातत्व और भारतीय सांस्कृतिक धरोहर के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उनके वास्तविक ज्ञान को समृद्ध करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। संग्रहालय पहुंचने पर विद्यार्थियों ने प्राचीन सिक्कों, दुर्लभ मूर्तियों, धातु से निर्मित कलाकृतियों और 10वीं शताब्दी से भी पुराने ऐतिहासिक अवशेषों का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया। विशेषज्ञों ने छात्रों को बताया कि इन वस्तुओं में शहडोल क्षेत्र से प्राप्त किए गए अवशेष भी शामिल हैं, जो स्थानीय इतिहास और संस्कृति को समझने का अनूठा अवसर प्रदान करते हैं।छात्रों ने संग्रहालय में प्रदर्शित मूर्तियों की सूक्ष्म शिल्पकारी, मंदिर कलाकृतियों और प्राचीन स्थापत्य कला को बड़े ध्यान से देखा और उनके ऐतिहासिक महत्व को समझा। शिक्षकों ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों की जिज्ञासा, सांस्कृतिक समझ और व्यावहारिक ज्ञान को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। विद्यालय प्रबंधन ने इस दौरे की सफलता पर खुशी व्यक्त की और कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के अकादमिक भ्रमण आयोजित किए जाएंगे। उनका कहना है कि यह न केवल पुस्तक ज्ञान को बढ़ाता है, बल्कि छात्रों को प्रत्यक्ष अनुभवों के माध्यम से सीखने का मौका भी देता है।छात्रों ने संग्रहालय भ्रमण के दौरान प्रदर्शनी से जुड़े सवाल पूछकर अपनी समझ को और गहरा किया। इस शैक्षणिक यात्रा ने विद्यार्थियों में इतिहास और पुरातत्व के प्रति उत्साह और जागरूकता पैदा करने के साथ-साथ उनके मन में स्थानीय और राष्ट्रीय सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने की भावना भी जागृत की। इस प्रकार, माइंड्स आई इंटरनेशनल हाई स्कूल का यह भ्रमण शिक्षा और अनुभव को जोड़ते हुए छात्रों के समग्र विकास की दिशा में एक सफल कदम साबित हुआ।

# लूट, फायरिंग और तीन वारदातों का मास्टर माइंड गिरफ्तार, एक आरक्षक घायल



**उमरिया।** जिले में बुधवार की देर रात से आतंक मचाने वाले कुख्यात बदमाश करिया लोनी को पुलिस ने अलसुबह मुठभेडनुमा कार्रवाई में धर दबोचा। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग कर दी, जिसमें एक आरक्षक के पैर में गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली आरोपी के पैर में लगी और उसे घायल अवस्था में पकड़ा गया।पुलिस के अनुसार करिया लोनी लंबे समय से फरार चल रहा था और इलाके में डर कायम किए हुए था। बुधवार की रात उसने अपने साथियों के साथ मिलकर लगातार तीन वारदातों को अंजाम देकर जिले की कानून व्यवस्था को चुनौती दे डाली थी। पहली घटना पिपरिया पेट्रोल पंप पर हुई, जहाँ उसने निहत्थे पुलिसकर्मी पर जानलेवा हमला करते हुए लूट की वारदात को अंजाम दिया। घायल आरक्षक को उपचार हेतु जबलपुर रेफर किया गया है। इसके कुछ ही देर बाद आरोपी ने गैंग के साथ मिलकर एक हार्वेस्टर चालक पर धावा बोला और लगभग 47,000 की रकम लूट ली। अपराध की श्रृंखला यहीं नहीं रुकी। लोरहा रेलवे स्टेशन के पास एक रेलकर्मी को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर नकदी समेत कई हजार रुपये लूट लिए। तीन वारदातें तीन घंटे में होने से क्षेत्र में दहशत फैल गई।

रातभर तगड़ी घेरेबंदी और मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस ने करिया लोनी की तलाश तेज की। गुरुवार की सुबह आरोपी को दबोचने के लिए पुलिस ने रणनीति बनाकर स्थान विशेष पर घेराबंदी की। पुलिस देखते ही आरोपी ने कट्टे से फायरिंग शुरू कर दी। गोलीबारी में एक आरक्षक घायल हो गया। तब पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की और आरोपी को पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे काबू कर लिया गया।करिया लोनी की गिरफ्तारी को पुलिस की बड़ी सफलता माना जा रहा है, क्योंकि उसके खिलाफ पहले भी कई गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। फिलहाल आरोपी का पुलिस संरक्षण में उपचार किया जा रहा है तथा उससे पूछताछ जारी है। पुलिस को उम्मीद है कि उसकी निशानदेही पर अन्य फरार साथी भी जल्द गिरफ्तार किए जाएंगे। गिरफ्तारी के बाद इलाके में राहत की लहर है। लोग उम्मीद जता रहे हैं कि करिया लोनी और उसके गिरोह के पकड़े जाने से क्षेत्र में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं पर अब अंकुश लगेगा।



## खबर संक्षेप

### एक दिवसीय युवा संगम रोजगार मेला संपन्न

**उमरिया।** जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रानी दुर्गावती सामुदायिक भवन में एक दिवसीय युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया गया । मेले में टी एस पी एल ग्रुप में 9 युवाओ को, प्रथम एजुकेशन मे 5 युवाओ को , राम फायनेंस में 9 युवाओ को, वर्धमान मे 3 युवाओ को, सीन्ड्रैम्स इंडस्ट्रीज में 2 युवाओ को, एसबीआई आर सेटी में 18 , एलआईसी में 4 युवाओ को रोजगार दिया गया।

### अव्यवस्थित यातायात होने से नहीं मिल पा रही जाम की समस्या से निजात



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर के आवाम को अव्यवस्थित यातायात होने से जाम की समस्या से निजात नहीं मिल पा रही है वहीं दूसरी ओर यातायात विभाग हाईवे की सड़कों पर वाहन चेकिंग में मशगूल नजर आते हैं। नगर में अव्यवस्थित यातायात होने के कारण प्रतिदिन घंटों जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। यह कोई नगर के एक सड़क का हाल नहीं है नगर की विभिन्न सड़कों में यह स्थिति अब आम हो गई है जिसके कारण नागरिक भी अब प्रशासन को कोसते नजर आ रहे हैं। नगर के वार्ड क्रमांक 4 मुक्तिधाम के पास थोक सब्जी विक्रेताओं के द्वारा सड़क के किनारे सब्जी के बोरे पनिया रख देते हैं और सड़क पर ही वहां खड़ा कर आते हुए वाहनों में सब्जी लदवाने का कार्य करवाते हैं दूसरी ओर बड़े वाहनों को सड़क पर ही खडा करवाते हुए सब्जी उतरवाने का कार्य करवाया जाता है और बीच सड़क पर दोपहिया वाहनों का खडा कर दिया जाता है जिसके कारण प्रतिदिन घंटो जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है पैदल चलने वाले राहगीरों को भी आवागमन करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। जब किसी रास्ते अस्पताल स्कूल एवं नगर पालिका कार्यालय होने के कारण हर समय आवागमन बना रहता है सुबह के समय तो स्थितियां रहती है कि स्कूली बस बच्चों को लाने ले जाने का कार्य करती है जाम की समस्या होने के कारण बस भी प्रतिदिन जाम में फंस जाती है। ऐसा ही हाल शुक्रवार को सुबह देखने को मिला जब सड़क के दोनों और सब्जी के वाहन खड़े थे और सड़क पर ही दो पहिया वाहन खड़ा कर दिया गया था और इस समय स्कूली बस बच्चों को स्कूल ले जाने के निकली है जाम में फंस गई। जिले के कप्तान के द्वारा कोतमा नगर में सप्ताह में 2 दिन यातायात पुलिस की ड्यूटी लगाई जाने को निर्देश दिए गए हैं लेकिन यातायात विभाग नगर की सड़कों से नदारत रहते हैं एक और नगर के नागरिक जाम की समस्या से जूझ रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर यातायात विभाग के कर्मचारी राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 हाईवे में वाहनों की चेकिंग में मशगूल नजर आते हैं इन्हें नगर की यातायात व्यवस्था से कोई लेना देना नहीं है अब तो नगर का आवाम जाम की समस्या से निजात पाने के लिए आस लगाए बैठा नजर आ रहा है।

## नीलिमा को बुढ़ार में नई जिम्मेदारी

# रद्दी से ज्यादा नहीं हैं संयुक्त आयुक्त के आदेश

### शिकायत के बाद भी नहीं हो पाई जवाबदेही तय

उपयंत्री श्रीमती नीलिमा श्रीवास्तव एक बार फिर चर्चाओं के केंद्र में है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जारी आदेश में उन्हें कार्यालय से हटाकर जनपद पंचायत बुढ़ार के पकरिया सेक्टर की जिम्मेदारी सौंप दी गई है। आदेश तो सामान्य है, लेकिन इसके पीछे दबे-संघर्षित तथ्य कई कड़ियों को उजागर करते हैं, खासकर वे आरोप, जिन पर कभी गंभीरता से कार्यवाही नहीं हुई और जो अब भी प्रशासन के दामन पर सवाल की तरह चिपके हुए हैं।




शहडोल।

जिला पंचायत शहडोल ने उपयंत्री श्रीमती नीलिमा श्रीवास्तव को एक बार फिर फील्ड में भेजते हुए जनपद पंचायत बुढ़ार का पकरिया सेक्टर सौंप दिया है। 21 नवंबर 2025 को जारी आदेश में उन्हें जनपद कार्यालय बुढ़ार से हटाकर सीधे सेक्टर जिम्मेदारी दे दी गई। आदेश साधारण दिखता है, लेकिन इसके पीछे कई पुराने विवाद और प्रशासनिक निष्क्रियता की परतें दबी पड़ी हैं, विशेषकर वह मामला जिसने बीते वर्ष पूरे जिले को हिला दिया था। 8 अगस्त 2024 को संयुक्त आयुक्त मगन सिंह कनेश ने जिला पंचायत को एक कड़ा पत्र भेजा था। इस पत्र में उपयंत्री नीलिमा श्रीवास्तव व एक शिकायतकर्ता के बीच हुई कथित ऑडियो रिकॉर्डिंग का उल्लेख था, जिसमें निर्माण कार्यों विशेषकर सीसी रोड और कुछ अन्य कार्यों के कार्यपूर्णता प्रमाण-पत्र जारी करने के एवज में कमीशन की मांग की चर्चा होने का दावा किया गया था। इस कथित बातचीत में सहायक यंत्री नेहा गोस्वामी का नाम भी सामने आया था। संयुक्त आयुक्त का मत था कि मामले की गंभीरता को देखते हुए उपयंत्री नीलिमा के विरुद्ध संविदा सेवा शर्तों के तहत तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए थी। जिला पंचायत ने न तो निलंबन किया, न जांच, न कोई दंड, बल्कि नीलिमा को जिला कार्यालय में अटैच कर दिया गया, जहां वे लगभग एक साल तक रही।

### तो शिकायतकर्ता पर कार्रवाई क्यों नहीं?

अब जब उन्हें एक बार फिर संवेदनशील फील्ड पोस्टिंग दे दी गई है, तो सवाल उठना स्वाभाविक है, झूठी शिकायत करने वाले पर कार्रवाई क्यों नहीं, इन सवालों का जवाब किसी के पास नहीं है। प्रशासन की चुप्पी गहरे संशय को जन्म दे रही है। इस विवाद से ठीक पहले अमृत सरोवर योजना के दौरान तकनीकी निरीक्षणों में नीलिमा श्रीवास्तव और सहायक यंत्री नेहा गोस्वामी दोनों का सक्रिय रूप से जुड़े होना चर्चा में रहा था। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और स्थल चयन में कई गड़बड़ियों के आरोप सामने आए थे। स्थानीय स्तर पर कई लोगों ने निर्माण गुणवत्ता को लेकर सवाल उठाए, जिनकी पुष्टि के लिए परियोजना स्थल पर जांच भी चली थी, लेकिन जिम्मेदारी तय करने का साहस न जिला स्तर पर दिखा और न जनपद स्तर पर। लापरवाही का खामियाज़ा आज भी कई ग्राम पंचायतें भुगत रही हैं, लेकिन जवाबदेही शून्य है। सहायक यंत्री को पहले बुढ़ार भेज दिया गया और नीलिमा को जिला कार्यालय में रखकर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया।

### नया आदेश-पुराने सवाल उसी जगह

21 नवंबर 2025 के आदेश में नीलिमा श्रीवास्तव को पकरिया सेक्टर सौंप दिया गया है। यदि नीलिमा निर्दोष थीं, तो शिकायतकर्ता पर कार्रवाई क्यों नहीं, यदि आरोप गंभीर थे, तो उन्हें फील्ड में वापस कैसे भेज दिया गया यह मामला एक उपयंत्री का नहीं, बल्कि जवाबदेही बनाम संरक्षण के संघर्ष का प्रतीक बन चुका है। नीलिमा श्रीवास्तव की नई पोस्टिंग ने पूरे जिले में वही पुराना सवाल फिर खड़ा कर दिया है, क्या जिला पंचायत सच में कार्रवाई करने में सक्षम है या सिर्फ फाइलें आगे-पीछे करने का कार्यालय बनकर रह गया है? सिस्टम की यह लगातार चुप्पी, जांचों का अधूरा रह जाना और विवादित मामलों में कार्रवाई का अभाव यह बताता है कि पारदर्शिता अभी भी कागज पर ज्यादा है, ज़मीन पर कम है। हालाकि चर्चा है कि पकरिया सेक्टर का प्रभार मिलने के बाद क्षेत्र में विरोध के स्वर उठने लगे हैं और ऐसा लगता है कि जल्द ही कोई आंदोलन इन्हें इस सेक्टर से हटाने के लिए शुरू न हो जाये।

### बीएलओ को किया गया सम्मानित



**उमरिया।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत जिले में मतदाता सूची को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से एसआईआर प्रक्रिया संचालित की जा रही है। जिले के सभी बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं और दो प्रतियों में तैयार गणना पत्रक वितरित कर रहे हैं और एप पर उपलब्ध लिंक पर मतदाता विवरण अद्यतन कर रहे हैं। मानपुर विधानसभा क्षेत्र 90 मानपुर के मतदान केंद्र क्रमांक 89 भरौली, 153 पिपरीटोला तथा मतदान केंद्र क्रमांक 203 खुसरवाह के बीएलओ व्दारा क्रमशः 462,305 तथा 176 मतदाताओ का नाम पुनरीक्षण सूची मे जोडते हुए डिजिटाईजेशन का कार्य किया गया है । रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मानपुर हरनीत कौर कलसी ने 89 भरौली के बीएलओ दिनेश त्रिपाठी, 153 पिपरीटोला के बीएलओ विनोद सिंह तथा 203 खुसरवाह के बीएलओ रामदीन यादव का फूल माला से सम्मान करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की है। इस अवसर पर तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रभारी एसडीएम की अध्यक्षता में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक संपन्न

उमरिया।







म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल के निर्देशानुसार नगरपालिकाओं की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण वर्ष-2025 का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है, जिसके संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक प्रभारी एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मास्टर ट्रेनर सुशील मिश्रा ने बताया कि पुनरीक्षण के दौरान नगर परिषद पाली, उमरिया, चंदिया, नौरोजाबाद तथा मानपुर में 76 पुरूष तथा 80 महिला मतदाताओ के नाम जोड़े गये है तथा 430 पुरूष तथा 378 महिलाओं के नाम विलोपित किए गए है। पुनरीक्षण पश्चात 21 नवंबर 2025 की स्थिति में नगर परिषद उमरिया,पाली, चंदिया,नौरोजाबाद,मानपुर में पुरूष मतदाताओ की संख्या 41760 तथा महिला मतदाताओ की संख्या 41110 है तथा तीन अन्य मतदाता है। इसी प्रकार पुनरीक्षण पश्चात 21 नवंबर 2025 कि स्थिति में करकेली, मानपुर तथा पाली पंचायत में 207708 पुरूष मतदाता तथा 198686 महिला मतदाता है। पुनरीक्षण के दौरान पाली, करकेली तथा मानपुर में 1564 पुरूष मतदाता तथा 1458 महिला मतदाताओ के नाम विलोपित किए गए है।
स्टैडिंग कमेटी की बैठक में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारी तथा निर्वाचन से अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अदावाकृत खातों को सक्रिय करने के लिए शिविर संपन्न



उमरिया।

भारत सरकार वित्त मंत्रालय के दिशानिर्देश में जिला पंचायत सभाकक्ष उमरिया में प्रभारी कलेक्टर अभय सिंह की अध्यक्षता में अदावाकृत खातों को सक्रिय करने हेतु शिविर का आयोजन किया गया जिसमें भारतीय स्टेट बैंक के 15 खातों में रु 7.14 लाख की क्लेम सेटल किया गया तथा मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक के 7 खातों में रु 11.19 लाख की निष्क्रिय खातों को सक्रिय किया गया । अपना पूंजी अपना अधिकार के अंतर्गत लोगो को जन जागरूक किया जा रहा है ।
जिले में कुल डीईएएफ खातों में 21 करोड़ है, सभी बैंकर्स के द्वारा उक्त खाताधारकों को चिन्हित कर सक्रिय करने हेतु जन जागरूकता की जा रही है। इस अवसर पर आरबीआई द्वारा उन खाता धारकों को जिन्होंने विगत 10 वर्षों से लेन देन नहीं किया है उनसे अपने बैंक में केवायसी कर खाता में लेन देन कर खाता सक्रिय करने की अपील की गई। कार्यक्रम में राम नागर रिजर्व बैंक भोपाल ,भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक राजकुमार मण्डल,एवं जिले के समस्त बैंकर्स साथियों एवं बीमा कंपनी के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने किया जागरूक

### यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर बस एवं दो पहिया वाहन जप्त यातायात प्रभारी संजय जायसवाल ने यात्री बसों का किया आकस्मिक निरीक्षण





शहडोल।

**पुलिस अधीक्षक शहडोल रामजी श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले की यातायात पुलिस के द्वारा लोगों को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विविध कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं।**

शहडोल यातायात पुलिस द्वारा बस स्टैंड एवं बुढ़ार चौक क्षेत्र में यातायात पुलिस टीम ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजनों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि वाहन चलाते समय हेलमेट,सीट बेल्ट का उपयोग करें।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नागरिकों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, तेज रफ्तार से बचने, नशे में वाहन न चलाने, तथा सड़क पर अनुशासन बनाए रखने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी गई।

सड़क सुरक्षा अभियान के तहत यातायात प्रभारी संजय कुमार जायसवाल एवं सूबेदार प्रियंका शर्मा द्वारा यात्री बसों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एक बस बिना परमिट एवं बीमा के पाई गई, जिसे मौके पर जब्त कर आवश्यक कार्रवाई की गई। साथ ही शहर में ध्वनि प्रदूषण एवं यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे ऐसे बुलेट वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए दो बुलेट जब्त किए गए हैं, एवं बिना परमिट, फिटनेस और सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाली एक निजी यात्री बस को भी जप्त कर आवश्यक कार्यवाही की गई एवं बस स्टैंड शहडोल में बस चालकों का आकस्मिक शराब परीक्षण भी किया गया।

### घरेलू गैस सिलेंडर का खुलेआम होटल ढाबा एवं ठेलों में किया जा रहा उपयोग

# गैस सिलेंडर की किल्लत से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूजकोतमा।

एक ओर नगर में गैस सिलेंडर के लिए लोग परेशान होते नजर आ रहे हैं। वर्तमान में स्थित यह है कि कोतमा नगर में किसी भी गैस की एजेंसी नहीं है यहां पर पसान, कोठी, बिजुरी से आकर गैस सिलेंडर की सप्लाई की जा रही है जिसके कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। वर्तमान में एचपी का गैस सिलेंडर की भी किल्लत बनी हुई है जिसके कारण भी लोग परेशान होते नजर आ रहे हैं। वहीं दूसरी ओर कोयलांचल क्षेत्र में कार्यवाही न होने की वजह से घरेलू उपयोग के लिए घरेलू गैस सिलेंडर का खुलेआम होटल ढाबा एवं ठेलों में उपयोग किया जा रहा है। जिले में व्हाइट रिफलिंग का कारोबार जोरों पर है प्रशासन से लेकर खाद आपूर्ति विभाग की नाक के नीचे घरेलू गैस सिलेंडरों से छोटे गैस सिलेंडरों में गैस भरने का काम जारी है। इतना ही नहीं घरेलू गैस सिलेंडर का धड़ले से व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है जो कभी भी किसी बड़े खतरे का कारण बन सकता है। इससे राजस्व की भी भारी क्षति हो रही है लेकिन जिम्मेदारों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नगर से लेकर कोयलांचल एवं ग्रामीण इलाके में अधिकतर होटल मिठाई व चाय की दुकानों में घरेलू गैस सिलेंडर का खुले आम इस्तेमाल हो रहा है। बावजूद ऐसे लोगों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हो रही। दूसरी ओर नियम यह है कि इस तरह के प्रतिष्ठानों पर घरेलू गैस की वजाय कामर्शियल सिलेंडरों का उपयोग किया जा सकता है। कई सालों से घरेलू गैस सिलेंडर का व्यवसायिक कामों में धड़ले से उपयोग हो रहा है। इन



सिलेंडरों पर सब्सिडी जारी होने के बावजूद उनके व्यावसायिक उपयोग पर प्रतिबंध नहीं लग पाया है। कई होटल संचालकों ने व्यावसायिक गैस के कनेक्शन ले रखे हैं। वहां उनकी खपत हर महीने चार से पांच सिलेंडर की है मगर वह व्यावसायिक सिलेंडर की बजाय घरेलू सिलेंडर का उपयोग कर रहे हैं। हालांकि कुछ होटल और चाय की दुकान चलाने वालों ने व्यावसायिक सिलेंडर के कनेक्शन लिए हुए हैं मगर यह भी बड़े सिलेंडरों की बजाय घरेलू गैस सिलेंडरों का प्रयोग कर रहे हैं। यहां दुकानदार भी उपयोग के वक्त सिलेंडरों को छुपा कर रखते हैं सिलेंडर में बोरी या लाल कपड़ा ढक देते हैं ताकि कोई देख ना सके। नगर में ऐसे कई बड़े मिष्ठान की दुकान एवं रेस्टोरेंट मे भी घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग खुले आम किया जा रहा है ऐसे में सरकार को राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### अपने फायदे के फेर में चला रहे अबैध कारोबार

अवैध रिफलिंग का धंधा गैस चूल्हे व स्पेयर पार्ट्स बेचने वाली दुकान पर होता है। ऐसे दुकानदारों को गैस एजेंसी से 14.2 किलोग्राम का एक गैस सिलेंडर प्राप्त होता है। जबकि खाली गैस में प्रति किलोग्राम गैस भरने के 130 से 160 रुपए वसूले जा रहे हैं। इससे रिपेयरिंग वालों को 1250 से 1650 रुपए तक मुनाफा होता है। बताया जाता है कि यह सब जागरूकता के अभाव में हो रहा है। इसको रोकने के लिए सरकार 5 किलोग्राम वजन वाले सिलेंडर की व्यवस्था की है जो आसानी से सभी गैस एजेंसी में उपलब्ध है। बावजूद लोग कनेक्शन लेने की बजाय बाजार से गैस खरीद लेते हैं।

### नहीं किया जा रहा जागरूक

गैस भरवाने वाले ग्राहकों को यह पता नहीं होता है कि गैस कितनी भरी गई है जबकि गैस एजेंसी में 5 किलोग्राम का गैस सिलेंडर निर्धारित रुपए की धरोहर राशि देकर प्राप्त हो सकता है। इसके पीछे जागरूक करने के लिए प्रशासन या खाद्य आपूर्ति विभाग ने कोई अभियान नहीं चलाया। एजेंसियों ने अपने स्तर पर प्रयास किया लेकिन वह कारगर नहीं हुआ।

### आसानी से मिल जाता है सिलेंडर

गैस का छोटे दुकानदारों को अवैध रिफलिंग के जरिए आसानी से मन मुताबिक गैस मिल जाती है। इसी का नतीजा है की दुकानों पर घरेलू गैस सिलेंडर देखे जा सकते हैं। नगर में ऐसे कई होटल है जिनमें अवैध रूप से घरेलू सिलेंडरों का उपयोग किया जा रहा है। यदि किसी होटल में सिलेंडर फटता है तो बड़ा हादसा होने से इनकार नहीं किया जा सकता है। इतना ही नहीं पोर्टेबल जैंसेट कई वाहनों में अवैध गैस से चल रहे हैं। जिस पर खाद विभाग कोई ध्यान नहीं दे रहा है। लिहाजा अवैध रूप से बड़े सिलेंडर से छोटे सिलेंडर में गैस रिपेयरिंग की जाती है और इन लोगों के हौसले बुलंद हैं।

# पानी के एक-एक बूंद सहेजने किया जा रहा बोरी बंधान



उमरिया।

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला उमरिया विकासखंड करकेली के सेक्टर क्रमांक 04 अंतर्गत ग्राम पंचायत बहेरवाह में बोरी बंधान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। बोरी बंधान कार्यक्रम के माध्यम से जल संरक्षण के क्षेत्र में परिषद द्वारा किए जा रहे कार्यों से जल का संचय किया जा रहा है जो पानी की एक एक बूंद को सहेजने में मील का पत्थर साबित होगा। बोरी बंधान कार्यक्रम नवांकुर संस्था व्यास धाम सेवा समित के सहयोग एवं सीएमसीएलडीपी छात्र छात्राओं की उपस्थिति में सफलता पूर्वक बोरी बंधान कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम पंचायत के वरिष्ठ समाज सेवी लालू गौतम ,सरपंच , प्रमोद यादव, ग्राम पंचायत सचिव , राम नरेश कुशवाह, स्थानीय ग्राम वासियों एवं छात्र करुणा मिश्रा, श्रेया तिवारी, विजयश्री गौतम पंकज कोरी विनायक द्विवेदी भारत यादव विद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित रही।

## खबर संक्षेप

### दो बी. एल. ओ. को किया सम्मानित

**शहडोल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. केदार सिंह ने निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत (एसआईआर) विधानसभा क्षेत्र ब्यौहारी के मतदान केंद्र करकी के 651 मतदाताओं के गणना फार्मो का ऑनलाईन डिजीटलाईजेशन का कार्य 100 प्रतिशत करने पर बीएलओ कमलेश प्रजापति सहायक अध्यापक माध्यमिक शाला करकी एवं विधानसभा क्षेत्र जयसिंहनगर के मतदान केंद्र 118 के बी. एल. ओ. श्रीमती बबीता सिंह को एस. आई. आर. कार्य के तहत मतदाताओं से प्राप्त गणना पत्रक का 100 प्रतिशत डिजिटलाइजेशन करने पर प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। कलेक्टर डॉ. सिंह ने सराहनीय कार्य के लिए दोनों बीएलओ को बधाई देते हुए कहा कि यह प्रयास मतदाता सूची के शुद्धिकरण एवं उसे अद्यतन करने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सरोधन सिंह,उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति, निर्वाचन सुपरवाइजर संजय खरे ने भी उक्त बीएलओ को मतदाताओं के गणना फार्मो का ऑनलाईन डिजिटलाइजेशन का कार्य 100 प्रतिशत करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान 2026 चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत शहडोल जिले में बीएलओ, बीएलओ सुपरवाईजर एवं एसआईआर कार्य में संलग्न कर्मचारियो द्वारा मतदाताओ से प्राप्त गणना पत्रक के डाटा को बीएलओ ऐप में डिजिटलाइजेशन का कार्य निरंतर किया जा रहा है।

### जेल में निरूद्ध बंदी की इलाज के दौरान मौत

**कटनी।** जिला जेल में न्यायिक अभिरक्षा में बंद बड़वारा निवासी अनिल कुमार की जबलपुर के जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। कुछ दिन पहले गांव में एक पागल कुत्ते ने उसे काट लिया था। परिवार के अनुसार इसी वजह से उसकी तबीयत लगातार खराब होती जा रही थी। जानकारी के अनुसार अनिल कुमार का करीब दो महीने पहले गांव में कुछ लोगों से विवाद हुआ था, जिसके दौरान उसने मारपीट भी की थी। घटना के बाद वह फरार हो गया था। इसी मामले में 6 नवंबर को बड़वारा पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। जेल में रहने के दौरान अनिल की तबीयत अचानक बिगड़ गई। जेल प्रबंधन ने उसे पहले स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल जबलपुर रेफर कर दिया गया। वहीं इलाज के दौरान आज उसकी मौत हो गई। अनिल की मां का कहना है कि गांव में पागल कुत्ते के काटने के बाद उसने कुछ दिनों तक यह बात किसी को नहीं बताई। इलाज शुरू होने पर केवल दो इंजेक्शन ही लग पाए थे कि इसी बीच पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जेल में उसकी तबीयत खराब होती चली गई।

# ओपन कास्ट माइंस में डंप और स्लोप सेफ्टी पर DGMS की वर्कशॉप, अधिकारियों को दिए सुरक्षा के महत्वपूर्ण निर्देश









सोहागपुर ओपन कास्ट माइंस में डंप व स्लोप सेफ्टी को लेकर डायरेक्टर जनरल ऑफ माइंस सेफ्टी (DGMS) जबलपुर रीजन के निर्देशन में आज 22 नवंबर 2025 को एक दिवसीय सेफ्टी वर्कशॉप आयोजित की गई। इस महत्वपूर्ण कार्यशाला में डीजीएमएस जबलपुर रीजन के डिप्टी डायरेक्टर माइंस सेफ्टी (DDMS) श्री शेख गुलाम मुख्य वक्ता रहे।

**धनपुरी।**

वर्कशॉप में सोहागपुर क्षेत्र के विभिन्न ओपन कास्ट माइंस से सब एरिया मैनेजर, कालरी मैनेजर, सुरक्षा अधिकारी सहित ओबी ट्रंपयार्ड इंचार्ज बड़ी संख्या में शामिल हुए।शुभारंभ में पारंपरिक स्वागत, सुरक्षा शपथ दिलाई गई कार्यक्रम की शुरुआत में DDMS श्री शेख गुलाम का शाल, श्रीफल एवं गुलदस्ते से महाप्रबंधक (संचालन) द्वारा स्वागत किया गया। स्वागत के पश्चात कंपनी का कॉर्पोरेट गीत और सुरक्षा शपथ एरिया सेफ्टी ऑफिसर पटेल सर द्वारा दिलाई गई। इसके बाद धनपुरी-अमलाई ओपन कास्ट के सब एरिया मैनेजर श्री रवन्ना, रामपुर-बटुरा ओपन कास्ट के सब एरिया मैनेजर,और शारदा ओपन कास्ट के सब एरिया मैनेजर ने DDMS का औपचारिक स्वागत किया। एरिया ट्रेनिंग ऑफिसर (ATO) ने अपनी मधुर वाणी में अतिथियों का अभिवादन किया।डंपिंग और स्लोप स्थिरता पर विस्तृत प्रेजेंटेशनवर्कशॉप के मुख्य सत्र में DDMS द्वारा रूल, रेगुलेशन, सेफ्टी सर्कुलरऔर सुरक्षित तरीके से डंपिंग व स्लोप मैनेजमेंट पर विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने PPT प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया कि—ओपन कास्ट माइंस में डंपिंग के दौरान किन नियमों का पालन अनिवार्य है।ढलान (स्लोप) को सुरक्षित कैसे रखा जाए दुर्घटनाओं की आशंका को रोकने के लिए कौन-सी SOP आवश्यक है।मशीनरी संचालन के दौरान किन सुरक्षा मानकों का पालन जरूरी है।उन्होंने जोर दिया कि सुरक्षा ही उत्पादन की आधारशिला है, इसलिए हर स्तर पर सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन अत्यंत जरूरी है।बीटीसी का निरीक्षण, बेहतर सुधार हेतु दिशा-निर्देशवर्कशॉप के बाद DDMS ने BTC (Basic Training Center) का भी निरीक्षण किया। उन्होंने—ट्रेनिंग गैलरी,मॉडल रूम,ओपन कास्ट वर्किंग मॉडल,को देखा और आवश्यक सुधार एवं अपडेट करने के निर्देश दिए।कार्यक्रम में प्रशिक्षकों एवं कर्मचारियों का सम्मान कार्यक्रम के समापन में ATO श्री प्रकाश पटले, VTO श्री जी. के. सिंघल,मैकेनिकल इंस्ट्रक्टर श्री के.पी. मिश्रा, इलेक्ट्रिकल इंस्ट्रक्टर श्री डी.के. तिवारी,तथा VTC के सभी कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।समापनवर्कशॉप सफलतापूर्वक संपन्न हुई, जिसमें सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर माइंस अधिकारियों को जागरूक किया गया। सहभागी अधिकारियों ने इसे अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम दुर्घटनाओं को रोकने और सुरक्षित कार्यसंस्कृति विकसित करने में अहम भूमिका निभाते हैं।

## संस्था कमला नर्सिंग कॉलेज में मनाया गया विदाई समारोह





**बिरसिंहपुर पाली**

मुख्य अतिथि श्रीमान पाली थाना प्रभारी राजेश चंद्र मिश्रा जी के मुख्य अतिथि में हर्षो उल्लास के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जूनियर छात्र-छात्राओं द्वारा अपने सीनियर छात्र-छात्राओं का विदाई समारोहबड़े धूमधाम के साथ मनाया गया कार्यक्रम का आयोजन उत्साह और गरिमा के साथ किया गया महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा कई सामूहिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिससे सभी छात्राएं ओतप्रोध हो उठे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पाली थाना प्रभारी श्री मिश्रा जी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया छात्र-छात्राओं द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि का स्वागत बंधन गीत के माध्यम से स्वागत किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्था की प्रभारी प्राचार्य श्रीमती प्रियंका पटेल देवेंद्र कुमार द्विवेदी शिल्पा जोश खुशबू सिंह आफरीन बानो सोनम रजक अंजुना सिंह अमन सिंह विकास पटेल एवं जूनियर छात्र-छात्राएं उपस्थित रहेकार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय के शिक्षकों द्वारा किया गया उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में आगे बढ़ाने की प्रेरणा अनुशासन और सांस्कृतिक विकास होता है कार्यक्रम कमला नर्सिंग महाविद्यालय परिवार के लिए गौरव का विषय रहा अंत में सभी छात्राओं ने राष्ट्रगीत के माध्यम से इस ऐतिहासिक अवसर को स्मरण किया

### कार्यो की मॉनिटरिंग हेतु जोन प्रभारी नियुक्त

**कटनी।** मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 एसआईआर के संपादन के मद्देनजर निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर नगर निगम सीमा अंतर्गत नगर निगम के जोन कार्यो, नगर निगम कार्यालय, हेल्पडेस्क सहित अन्य कार्यो के लिए निगम के कंप्यूटर ऑपरेटर व अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। निगमायुक्त सुश्री परिहार के निर्देश पर एसआईआर कार्य में संलग्न निगम के ऑपरेटर एवं कर्मचारियों की उपस्थिति समय से निर्धारित कराकर उनके कार्यों की मॉनिटरिंग करने तथा संकलित जानकारी से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराने के उद्देश्य से राजस्व अधिकारी नगर निगम जागेश्वर प्रसाद पाठक द्वारा एक आदेश जारी करते हुए निगम के प्रभारी राजस्व

## राजमिस्त्री का काम खत्म कर लौट रहे दो युवकों की सड़क हादसे में मौत

**बाणसागर देवलौद** दिनांक 11 नवम्बर 2025 की शाम लगभग 7 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे ने क्षेत्र में मातम फैला दिया। जानकारी के अनुसार महेश साकेत पिता विश्वनाथ साकेत (25 वर्ष) निवासी धारी नंबर दो, मोहल्ला परैहा टोला, तथा राजकुमार कोल पिता चन्दू कोल (30 वर्ष) निवासी ग्राम समान, टोला कोड़री, ग्राम पंचायत जनकपुर, दोनों युवक ग्राम कुसमानी में घर निर्माण का राजमिस्त्री कार्य कर दिनभर मेहनत के बाद मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे।बताया गया कि बुढ़वा स्थित बैसाखी महुआ के पास, रमाकांत पांडे के घर के सामने ट्रक क्रमांक MP17 HH 3501 ने तेज रफ्तार और लापरवाहीपूर्वक उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद सड़क पर काफी मात्रा में खून फैल गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद ट्रक चालक ने खून के धब्बों को धान के पुआल से ढकने का प्रयास किया, तभी परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुँच गए। चालक ट्रक लेकर भागने का प्रयास कर रहा था, लेकिन सूचना मिलते ही थाना देवलौद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए ट्रक का पीछा कर उसे पकड़ लिया और थाने में खड़ा कर दिया।घायलों को तत्काल बाणसागर परियोजना चिकित्सालय देवलौद लाया गया, जहाँ चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।थाना देवलौद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

## अंडरग्राउंड कोयला बंकर में लगी आग
## लाखों रुपये का कोयला जलकर राख

**शहडोल।** सोहागपुर क्षेत्र स्थित एसईसीएल के बघवार अंडरग्राउंड माइन्स के कोल बंकर में आग लगने से लाखों रुपये का कीमती कोयला जलकर राख हो गया है। पिछले कुछ दिनों से लगातार धधक रही इस आग को बुझाने के लिए प्रबंधन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, शनिवार की सुबह से प्रबंधन की टीम आग बुझाने में लगी है, लेकिन कोयले में लगी आग को नियंत्रित करना बेहद मुश्किल साबित हो रहा है। आग और उठते घने धुएं के कारण पूरे माइंस क्षेत्र में खतरा बढ़ गया है। स्थानीय कर्मचारियों और मजदूरों ने प्रबंधन की लापरवाही पर आक्रोश जताया है। उनका कहना है कि अगर समय रहते इस ओर ध्यान दिया गया होता तो आग इतनी विकराल रूप नहीं ले पाती। आग लगातार फैल रही है और इससे केवल कोयला ही नहीं, बल्कि आसपास के पर्यावरण और मजदूरों की सुरक्षा भी खतरे में है। बघवार कोल माइन्स के सेफ्टी ऑफिसर दीपक भारद्वाज ने कहा हमें जब आग की जानकारी मिली, हमने तुरंत इसे बुझाने की कोशिश शुरू कर दी थी। शनिवार को भी कई गाडिय़ां और हमारी टीम लगातार कोयले की आग पर काबू पाने की कोशिश कर रही है। लेकिन कोयले में लगी आग को बुझाना इतना आसान नहीं है। विशेषज्ञों के अनुसार, अंडरग्राउंड और कोल बंकर में लगी आग को बुझाने में विशेष तकनीक और समय की जरूरत होती है। लगातार फैलती आग से न केवल करोड़ों रुपये का नुकसान हो रहा है, बल्कि यह आसपास के लोगों और कर्मचारियों के जीवन के लिए भी गंभीर खतरा पैदा कर रही है। स्थानीय लोग प्रबंधन से तत्काल प्रभावी कदम उठाने की मांग कर रहे हैं ताकि कोयला और पर्यावरण दोनों को बचाया जा सके।

## बिरसा मुंडा जयंती पर एबीवीपी का जिला-स्तरीय आयोजन
# हजारों विद्यार्थियों ने दी सामान्य ज्ञान परीक्षा





**शहडोल।**

भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने बुधवार को शहडोल जिले की सभी तहसीलों में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की, जिसमें हजारों विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य जननायक बिरसा मुंडा के जीवन, आदर्शों और उनके समाज सुधार एवं जनजागरण के योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाना रहा। जिलेभर में आयोजित इस परीक्षा में शहडोल में 1325, जैसीनगर में 783, अमझोर में 273, ब्यौहारी में 780 और बुढ़ार में 413 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। परीक्षा कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई थी।


आयोजन के लिए जिले की प्रत्येक तहसील में प्रमुख शिक्षा संस्थानों को केंद्र बनाया गया, जिसमें शहडोल- सरस्वती स्कूल, जयसिंहनगर- एक्सीलेंस स्कूल, अमझोर-हायर सेकेंडरी स्कूल, ब्यौहारी-भारतीम स्कूल, बुढ़ार- पीएम एक्सीलेंस कॉलेज शामिल है। इसके अतिरिक्त जिले के सभी 10+2 विद्यालय भी इस आयोजन का हिस्सा रहे।

एबीवीपी पदाधिकारियों ने बताया कि यह प्रतियोगिता जीतने के लिए नहीं, सीखने के लिए आयोजित की गई है। उनका कहना है कि बिरसा मुंडा का जीवन संघर्ष, समाज नेतृत्व और जनजागरण का अद्भुत उदाहरण है, जिसे युवाओं को समझना और अपनाना चाहिए। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को उनके विचार, आंदोलन और आदिवासी समाज के उत्थान के लिए किए गए ऐतिहासिक योगदान से अवगत कराया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विभाग संगठन मंत्री सावन सिंह, विभाग संयोजक अखिलेश सिंह, विभाग छात्रा प्रमुख अंजली पांडेय, नगर मंत्री अमन त्रिपाठी, निधि पांडेय, अजय सिंह, अमन तिवारी, भूमिका द्विवेदी, प्रभास तिवारी, हार्दिक पांडेय, आशुतोष सिंह, शुभ सोनी, आकाश मिश्रा, आकाश साहू, ओम सोनी, साक्षी सिंह, अंचल सिंह, नीलम कुशवाहा और ऋतुराज द्विवेदी सहित कई कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। एबीवीपी ने कहा कि आगामी वर्षों में भी ऐसे आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों में इतिहास और समाज के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास जारी रहेगा।

## एएनएम के लापरवाहीपूर्ण व्यवहार से ग्रामीण परेशान
# मिठौरी में स्वास्थ्य सेवाओं पर गंभीर सवाल

**शहडोल।**

उप स्वास्थ्य केंद्र मिठौरी में पदस्थ एएनएम डी. कलावती के लापरवाहीपूर्ण रवैये और हितग्राहियों के साथ अभद्र व्यवहार ने इलाके में स्वास्थ्य सेवाओं की विश्वसनीयता पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। ग्रामीणों की शिकायतों के आधार पर हरीलाल कोल, कृषि सभापति एवं वार्ड सदस्य, ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी शहडोल को पत्र लिखकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में बताया गया है कि एएनएम डी. कलावती समय पर उप स्वास्थ्य केंद्र नहीं पहुंचतीं, जिससे गर्भवती माताओं का प्रसवोपरांत टीकाकरण समय पर नहीं हो पा रहा है। इसके अलावा, जननी सुरक्षा योजना और अन्य स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ क्षेत्र के हितग्राहियों तक नहीं पहुँच पा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि एएनएम अपने दायित्वों से लगातार विमुख रहते हुए मुख्यालय में नहीं रहतीं और करीब 10 किलोमीटर दूर निवास करती हैं। ग्रामीणों ने यह भी गंभीर आरोप लगाया कि एएनएम द्वारा स्वास्थ्य योजना



की जानकारी पूछने पर अभद्र भाषा और धमकी भरे शब्दों का प्रयोग किया जाता है। शिकायत में उल्लेख है कि उन्होंने कह डाला, मुझे परेशान करोगे तो जानते हो मेरा भाई दो मर्डर कर चुका है। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की धमकियां और अमर्यादित व्यवहार क्षेत्र में भय का माहौल पैदा कर रही हैं। हरीलाल कोल ने अपने आवेदन में कहा है कि डी. कलावती द्वारा हितग्राहियों के साथ बहस, गाली-गलौच और धमकियों के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। उनका कहना है कि स्वास्थ्य विभाग की गरिमा और सेवाओं के उद्देश्य के खिलाफ यह रवैया है और इससे पूरे क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा प्रभावित हो रही है। इसलिए उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से अनुरोध किया है कि एएनएम डी. कलावती को तत्काल प्रभाव से अन्य स्थान पर पदस्थ किया जाए, ताकि मिठौरी में स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू रूप से चल सकें। उन्होंने चेतावनी भी दी है कि यदि 10 दिनों के भीतर कार्रवाई नहीं हुई तो पूरे ग्राम के लोग अंशअन प्रदर्शन करेंगे और इसकी जिम्मेदारी विभाग की होगी। प्रतिलिपि में कमिश्नर, कलेक्टर, संसदीय क्षेत्र की सांसद और विधानसभा क्षेत्र के विधायक को भी जानकारी दी गई है। ग्रामीणों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों का कहना है कि यदि विभाग ने समय रहते कदम नहीं उठाया, तो स्वास्थ्य सेवाओं की बाधा और सामाजिक असंतोष और बढ़ सकता है। मिठौरी क्षेत्र के लोग सरकार और प्रशासन से अपेक्षा कर रहे हैं कि इस गंभीर मामला में त्वरित और सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि स्वास्थ्य सेवा प्रभावित न हो और ग्रामीण सुरक्षित और सम्मानजनक सेवाएं प्राप्त कर सकें।

# अखिल भारतीय क्विज़ में प्रभाकर मिश्रा का जलवा, मध्य प्रदेश रहा 24 राज्यों में अव्वल

**उमरिया।**

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के युवा वनरक्षक प्रभाकर मिश्रा ने देहरादून में आयोजित 28वीं ऑल इंडिया फॉरेस्ट स्पोट्र्स मीट-2025 की क्विज़ प्रतियोगिता में प्रदेश और जिले का नाम रोशन किया। 12 से 16 नवंबर तक चले इस राष्ट्रीय आयोजन में देशभर के वन अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। प्रभाकर ने अपने ज्ञान, धैर्य और अनुभव के दम पर मध्य प्रदेश को पूरे देश में शीर्ष स्थान दिलाया। प्रतियोगिता के पहले चरण में देश के 24 राज्यों की टीमें उतरीं। इस चरण में 20 प्रश्न पूछे गए, जिसमें मध्य प्रदेश ने 14 अंक लेकर शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके आधार पर मध्य प्रदेश, झारखंड, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ सहित शीर्ष पांच टीमें दूसरे दौर में पहुंचीं।



दूसरे चरण में 50 कठिन प्रश्न पूछे गए। प्रभाकर मिश्रा ने कमाल का प्रदर्शन करते हुए 47.5 अंक हासिल किए, जो पूरे देश में सबसे अधिक थे। कठिन दबाव और समयसीमा के बावजूद प्रभाकर की सटीकता और विषय-विशेषज्ञता ने निर्णायक बढ़त दिलाई।

इस उपलब्धि से बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में खुशी का माहौल है। सहकर्मियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने उनकी तैयारी, अनुशासन और समर्पण की खुले दिल से सराहना की। प्रभाकर ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और वरिष्ठ अधिकारियों को देते हुए कहा कि उनका मार्गदर्शन और समर्थन उनकी सबसे बड़ी प्रेरणा रहा।

प्रभाकर मिश्रा की यह जीत न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि मध्य प्रदेश वन विभाग के लिए भी गर्व की बात है। इस प्रदर्शन ने यह साबित कर दिया कि वनरक्षक सिर्फ जंगलों की सुरक्षा में ही नहीं, बल्कि ज्ञान और प्रतिभा के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर भी अग्रणी हैं।

बांधवगढ़ के लोग और परिवारजन प्रभाकर की इस उपलब्धि पर गर्व महसूस कर रहे हैं। उनका मानना है कि प्रभाकर ने अनुशासन, मेहनत और लगन के दम पर यह सफलता हासिल की है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनेगी।

## खबर संक्षेप

### चचाई में श्री सत्य सांईबाबा का 100 वां जन्मोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन



**हरिभूमि न्यूज चचाई।** विद्युत नगरी चचाई में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री सत्य साईं सेवा समिति द्वारा श्री सत्य साईं बाबा के 100 वे जन्मोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन स्थानीय श्रम कल्याण केंद्र में 23 नवंबर दिन रविवार को आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में सुबह 10:00 बजे दीप प्रज्वलन, ओमकारम वेद पाठ, भजन, सर्वधर्म प्रार्थना वहीं दोपहर 12:30 बजे से महामंगल आरती के बाद दोपहर 1:00 बजे से महाप्रसाद (भंडारा) नारायण सेवा एवं कंबल वितरण का कार्यक्रम किया जाएगा इस जन्मोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अभियंता तनवीर अहमद अतिरिक्त मुख्य अभियंता विजय देव सहित विद्युत नगरी के सत्य साईं बाबा के भक्तगण उपस्थित रहेंगे।

### क्षेत्र में चोरी का बढ़ता आतंक, श्रीकांत शुक्ला ने पुलिस को सौंपा ज्ञापन




**हरिभुमि न्यज बदरा/जमुना।** जमुना कोतमा क्षेत्र में पिछले छह महीनों से चोरी की बढ़ती घटनाओं ने स्थानीय निवासियों और कर्मचारियों में गहरा आक्रोश पैदा कर दिया है। आवासीय कॉलोनियों से लेकर खदान परिसर और फिल्टर प्लांट तक लगातार हो रही वारदातों ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्षेत्रवासी श्रीकांत शुक्ला ने बताया कि राजेश शर्मा के घर हुई चोरी की सीसीटीवी फुटेज पुलिस को सौंपी गई थी, जिसमें आरोपी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे थे, फिर भी अब तक खुलासा नहीं हो सका। इसी तरह भालूमाड़ा टाउनशिप में नीता दास और शशि सोनी के घर लाखों की चोरी हुई, लेकिन पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी रही। जमुना टाउनशिप में विद्या सिंह और हाल ही में कार्मिक अधिकारी सत्यप्रकाश के घर भी चोरी की घटनाएं घटीं खदानों और वर्कशॉप, फिल्टर प्लांटों में रोजाना चोरी की घटनाओं से कंपनी को लगातार आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। स्थिति से नाराज होकर संगठन ने अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कोतमा को ज्ञापन सौंपते हुए क्षेत्र में चोरी पर नियंत्रण और भयमुक्त वातावरण सुनिश्चित करने की मांग की है। श्रीकांत शुक्ला ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो थाना भालूमाड़ा के सामने क्रमिक अनशन और बड़ा धरना, प्रदर्शन किया जाएगा। संगठन ने क्षेत्र के सभी कर्मचारियों और आम नागरिकों से अपील की है कि वे इस आंदोलन में सहयोग देकर क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बहाल करने में योगदान दें।

बीएलओ द्वारा मतदाताओं को उपलब्ध नहीं कराई जा रही दावे-आपत्तियों के फार्म की पावती

# मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया में अधिकांश बीएलओ की भूमिका संदेहास्पद

### कलेक्टर ने सहायक शिक्षक को किया निलंबित

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की निगाह के नीचे ही भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रदेश के साथ ही अनूपपुर जिले में भी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया का कार्य तेजी से चल रहा है। लेकिन देखा जा रहा है कि इस कार्य को अंजाम देने वाले अधिकांश बीएलओ की भूमिका जिले भर में संदेहास्पद है। अधिकांश स्थानों से शिकायतें मिल रही है कि इस कार्य में लगे बीएलओ काफी जल्दी बाजी में कार्य कर रहे हैं की कलेक्टर हमें सस्पेंड कर देगा, यह बात कहते हुए मतदाताओं से फार्म प्राप्त कर रहे हैं। लेकिन उन्हें पावती नहीं दे रहे हैं। एवं फॉर्म में स्वयं 2003 की वोटर लिस्ट निकाल कर भर रहे हैं एवं घर के जिम्मेदारों से हस्ताक्षर लेकर अपने कार्य की पूर्ति कर रहे हैं एवं मतदाता जब उनसे एक प्रति में पावती मांगता है तो उनके द्वारा कहा जाता है कि हम बाद में दे देंगे। यही नहीं जो बीएलओ कार्य कर रहे हैं वह मतदाताओं के फोन को भी नहीं उठा रहे। जिससे मतदाताओं को संपूर्ण जानकारी भी नहीं मिल पा रही। कई लड़कियों की शादी हो गई 2003 में वोटर नहीं थी। ससुराल आ चुकी यहां वोट दे चुकी अब उनके पिछले इतिहास के तहत उनके पिता का एपिक नंबर 2003 का मांगा जा रहा है। पता चला कि कई लोगों के पास पुराना एपिक नंबर नहीं है। कोई 2003 में पहले कहीं रहता था वहां वोटर था, फिर उन्होंने दूसरे स्थान पर कार्य प्रारंभ किया तो पहले स्थान से वोटर से नाम हट गया एवं नए स्थान पर जुड़ गया। अब उनका पुराना नंबर कहां से मिले। इसमें भी बीएलओ कोई सहयोग नहीं कर रहा और उनके फार्म को अपने साथ लेकर भी नहीं जा रहा जो कि सरासर गलत है। जिला निर्वाचन अधिकारी की नाक के नीचे बीएलओ के असहयोगात्मक कार्यों पर किसी की निगाह नहीं जा रही। जिससे काफी मतदाता परेशान है। इस बात को लेकर की आने वाली मतदाता सूची में उसका नाम होगा कि नहीं जबकि वह वोट डाल चुके है।



मतदाता सूची के पुनरीक्षण अभियान के दौरान बूथ लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ) की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण मानी जाती है। लेकिन हाल ही में कई वार्डों से यह शिकायत सामने आई है कि (बीएलओ) द्वारा मतदाताओं को दावे-आपत्तियों के फार्म की पावती उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। निर्वाचन आयोग के नियमों के अनुसार पावती देना (बीएलओ) की अनिवार्य जिम्मेदारी है, जिसे न देना गंभीर उल्लंघन माना गया है। जानकारी के अनुसार फार्म-6, फार्म-7, फार्म-8 और फार्म -8। जमा करते समय(बीएलओ) को तुरंत पावती स्लिप जारी करनी होती है, जिसके माध्यम से मतदाता अपने आवेदन की स्थिति ऑनलाइन ट्रैक कर सकते हैं। पावती न मिलने की स्थिति में आवेदन दर्ज न होने, गलत प्रविष्टि होने या प्रक्रिया लंबित रह जाने का खतरा बढ़ जाता है। यही कारण है कि प्रशासन ने इस मामले में सख्ती बरतते हुए (बीएलओ) के लिए पूरी प्रक्रिया का पालन अनिवार्य कर दिया है।




### क्या है (बीएलओ) की पावती देने की प्रक्रिया

निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार (बीएलओ) को फॉर्म प्राप्त होते ही उसे रजिस्टर में दर्ज करना, आवेदक का नाम, फॉर्म प्रकार, समय-तारीख नोट करना। और तुरंत पावती स्लिप जारी करना अनिवार्य है। यह पावती आवेदन की अधिकारिक स्वीकृति का प्रमाण होती है। इसके बाद (बीएलओ) को घर-घर जाकर दस्तावेज़ों का सत्यापन करना और फॉर्म को एईआरओ। ईआरओ एसडीएम कार्यालय में समय पर जमा कराना होता है। मतदाता इस पावती की मदद से एनभीएसपी पोर्टल या वोटर हेल्पलाइन एप पर अपने आवेदन की स्थिति देख सकते हैं। जानकारी के अनुसार पावती न देना (बीएलओ) की लापरवाही है। इस पर और आवश्यक होने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जा सकती है। शिकायतकर्ता सीधे एईआरओ ईआरओ या तहसील कार्यालय में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। मतदाता सूची का सही और पारदर्शी अद्यतन लोकतांत्रिक व्यवस्था की नींव है। ऐसे में (बीएलओ) द्वारा पावती न देना न केवल प्रक्रिया में बाधा है, बल्कि मतदाताओं के अधिकारों को भी प्रभावित करता है।

### कलेक्टर ने सहायक शिक्षक, प्राथमिक शाला मोटो टोला को किया निलंबित

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षल पंचोली ने सहायक शिक्षक, प्राथमिक शाला मोटो टोला संकुल शा.उ.मा.वि. पडमनिया शंकर सिंह को मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 एवं मध्यप्रदेश सिविल सेवा नियम 1966 (वर्गीकरण एवं अपील), नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर उनका मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पुष्पराजगढ़ में नियत किया है। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 का कार्य प्रगतिरत है, जिसमें बी.एल.ओ. के द्वारा गणना प्रपत्र का वितरण किया जाना है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 88-पुष्पराजगढ़ के मतदान केन्द्र 06 गिजरी में बीएलओ का दायित्व सहायक शिक्षक शंकर सिंह को सौंपा गया है। किन्तु सहायक शिक्षक लगातार अनाधिकृत रूप से अपने कर्तव्य से अनुपस्थित पाए गए हैं एवं बीएलओ का संपूर्ण कार्य बीएलओ सुपरवाईजर द्वारा किया जा रहा है। जो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 को प्रभावित कर निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाही एवं अनुशासनहीनता को प्रदर्शित करता है। जिसे संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने सहायक शिक्षक को निलंबित किया है। निलंबन अवधि के दौरान सहायक शिक्षक को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा।

## फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण में 9 साल की देरी पर भगवा पार्टी ने किया सद्बुद्धि हवन

### अब देर नहीं विकास चाहिए

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** नगर के बहुप्रतीक्षित रेलवे फ्लाई ओवरब्रिज के निर्माण में लगातार हो रही नौ वर्षों की देरी के विरोध में 22 नवंबर को भारतीय गण वार्ता पार्टी (भगवा) द्वारा फ्लाई ओवर निर्माण स्थल के नीचे सद्बुद्धि हवन यज्ञ आयोजित किया गया। भगवा पार्टी के जिलाध्यक्ष पंडित कन्हैया लाल मिश्रा के नेतृत्व में शनिवार 22 नवंबर को प्रातः 11 बजे यह शांतिपूर्ण, रचनात्मक और सनातन परंपरा पर आधारित हवन संपन्न हुआ। जिसे पंडित केशव प्रसाद मिश्र ने पूर्ण कराया। इस अवसर पर दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर के पुजारी ब्रह्मानंद गर्ग भी उपस्थित थे। फ्लाई ओवरब्रिज निर्माण की धीमी गति से शहर का व्यापार, यातायात, एम्बुलेंस सेवाएँ, स्कूल बसें और आम जनजीवन लगातार प्रभावित है। इसी गंभीर स्थिति को देखते हुए भगवा पार्टी ने निर्माण एजेंसी, रेलवे प्रशासन, मध्यप्रदेश शासन, सेतु निर्माण विभाग एवं ठेकेदारों को सद्बुद्धि प्राप्त हो और कार्य तेजी से आगे बढ़े, इस कल्याणकारी भावना से यह हवन किया। भागीदारी के रूप में उपस्थित लोगों ने तीन-तीन आहुतियाँ देकर विकास कार्यों की बाधा दूर होने की प्रार्थना की। सनातन मान्यता के अनुसार जब किसी महत्वपूर्ण कार्य में बार-बार रुकावट आती है, तो यज्ञ मार्गदर्शन और कार्यसिद्धि का माध्यम बनता है। इसी आस्था से आयोजन का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

शांतिपूर्ण आंदोलन के दौरान पुलिस रही उपस्थित





कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था मजबूत और पूरी तरह सक्रिय रही। मुख्यालय के कोतवाली प्रभारी अरविंद जैन अपने समस्त दलबल के साथ मौके पर मौजूद रहे। जिला यातायात प्रभारी विनोद दुबे भी अपने दलबल के साथ उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त जीआरपी एवं आरपीएफ पुलिस तथा इंटेलिजेंस ब्यूरो के अधिकारी भी शांतिपूर्ण आंदोलन पर सकारात्मक दृष्टि बनाए हुए थे। पूरे आयोजन के दौरान पुलिस प्रशासन ने संयम, सतर्कता और सहयोगपूर्ण व्यवहार दिखाते हुए कार्यक्रम को बिना किसी व्यवधान के व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### यह सिर्फ हवन नहीं विकास का सामूहिक संकल्प-पं. कन्हैयालाल

पं. कन्हैया लाल मिश्रा ने उपस्थित प्रबुद्धजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, युवाओं, धर्मप्रेमियों और मीडिया प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा यह आयोजन धार्मिक आस्था से परे विकास की मांग है। यह अनूपपुर की जनता का सामूहिक संकल्प है कि अब फ्लाई ओवरब्रिज निर्माण में देरी नहीं चलेगी। प्रशासन को जागना होगा, जनता सजग है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में भी सनातन परंपरा के अनुरूप इसी प्रकार के रचनात्मक और शांतिपूर्ण जनजागरण कार्यक्रम निरंतर जारी रहेंगे।

### जनमानस में मजबूत संदेश अब कार्य गति चाहिए, वादे नहीं

रेलवे ओवरब्रिज के नीचे हुआ यह सद्बुद्धि हवन न सिर्फ एक धार्मिक अनुष्ठान था बल्कि प्रशासन और निर्माण एजेंसियों के लिए एक स्पष्ट चेतावनी भी। जनता अब विकास में और देरी बर्दाश्त नहीं करेगी। भारतीय गण वार्ता पार्टी (भगवा) पार्टी के जिलाध्यक्ष पंडित कन्हैया लाल मिश्रा, विप्र समाज के संयोजक पंडित रामनारायण द्विवेदी, प्रदेश सचिव सुजीत कुमार मिश्रा, जिला महामंत्री वरुण चटर्जी, पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष प्रेमदास राठौर, भीम साहू, कार्यालय मंत्री संदीप गर्ग, शिव मारुति युवा संगठन से बृजेश राठौर, राहुल अग्रहरि, मनीष गौतम, इशांक केशरवानी, अंश गुप्ता, प्रदीप सिंह श्याम, शेषनारायण राठोर, अनूपपुर जिला मंच के संयोजक एडवोकेट वासुदेव चटर्जी, विजय राठौर, साजन दास केवलानी, राकेश गौतम, पंडित केशव प्रसाद मिश्रा, पंडित राम सजीवन गौतम, पंडित ब्रह्मानंद गर्ग, अमित गुप्ता, मनोज राठौर, दीपक शुक्ला, मुन्नू नामदेव, रितेश खंडेलवाल, अश्वनी सिंह, लक्ष्मीकांत नामदेव, अनिल खेमका, रितेश खंडेलवाल, मयंक अग्रवाल, मोनू खंडेलवाल, प्रशांत शुक्ला, अमित भोजवानी सहित काफी संख्या में नगर के लोग उपस्थित थे।

## भारत पेट्रोल पंप में कर्मचारियों के साथ मारपीट का मामला आया सामने



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 में स्थित भारत पेट्रोल पंप मे शुक्रवार की रात्रि कर्मचारियों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना के बारे में बताया जाता है कि शुक्रवार की रात 9 से 10 बजे के लगभग पेट्रोल पंप कर्मचारी कान्हा बरगाही निवासी कोतमा एवं अन्य कर्मचारी पेट्रोल पंप में उपस्थित थे तभी एक कार एम पी 65 सी 4048 मे बैठकर तीन लोग आए और बोले 500 रूपया का पेट्रोल डाल दो तब पंप का कर्मचारी कान्हा बरगाही ने पेट्रोल डाला इतने मे कार के अंदर बैठे एक व्यक्ति ने कर्मचारी को गाली देते हुए बोला की ढक्कन बंद कर दे तो कान्हा ने कहा बंद कर दिया हू गाली क्यों दे रहे हो इतने में तीनों लोग कार से उतरकर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे सभी वे लोग शराब के नशे मे थे तभी पंप मे मौजूद कर्मचारी राम सुदर्शन महरा, उमेश कोल ने बीच बचाव किया और वे लोग गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दे रहे थे तभी पेट्रोल भरवाने के लिए और लोग भी आ गये और वह लोग उन्हें पहचान लगे जिनमें कार चालक शिवकुमार बैगा निवासी बरगवां एवं जमुना गुप्ता निवासी कोतमा एवं केशव यादव निवासी बरगवां का होना बताया इतने मे तीनों लोग कार लेकर भाग गये। घटना की जानकारी तत्काल ही कोतमा थाने मे दी गई। मौके पर पुलिस पहुंच जानकारी जुटाते हुए पुलिस ने आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर लिया। शिकायत पर पुलिस ने तीनों आरोपी के विरूद्ध बीयनएस की विभिन्न धाराओं मे मामला दर्ज कर विवेचना कर रही है।

### इनका कहना

घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल मौके पर पुलिस ने पहुंचकर पेट्रोल पंप में कर्मचारी के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों को गिरफतार कर मामला दर्ज किया गया है।

**रत्नांबर शुक्ल, थाना प्रभारी**
**थाना कोतमा**

## कलेक्ट्रेट मार्ग की दुर्दशा, जर्जर सड़क पर उखड़ी गिट्टी, बाहर आने लगी सरिया



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कलेक्ट्रेट की ओर जाने वाला प्रमुख मार्ग इन दिनों अपनी बदहाली और खस्ताहाल स्थिति में पहुंच चुका है। दर्जनों विभागों से जुडने वाली यह सड़क अब लोगों के लिए परेशानी और जोखिम दोनों का कारण बन गई है। सड़क के अनेक हिस्सों में गिट्टी पूरी तरह उखड़ चुकी है, वहीं जगह-जगह सरिया बाहर निकल आई है, जिससे आने-जाने वाले वाहन चालकों तथा पैदल राहगीरों को गंभीर दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है। यह मार्ग ज्यादा उपयोग होने वाला रास्ता है, जहां से रोजाना हजारों लोग कलेक्ट्रेट कर्मचारी, आम नागरिक, शिकायतकर्ता, विद्यार्थी, बुजुर्ग और महिलाएं गुजरते हैं, लेकिन लंबे समय से न तो इस सड़क की मरम्मत की गई है और न ही यहां किसी तरह का निर्माण कार्य शुरू किया गया है। सड़क की औपचारिक मरम्मत के नाम पर केवल अस्थायी लेप लगाए गए, जो कुछ ही दिनों में उखड़कर वापस गड्ढों में बदल गए। अब हालात इतने खराब हो चुके हैं कि उखड़े हिस्सों से सरिया तक दिखने लगे हैं।

राहगीरों का आरोप है कि कलेक्ट्रेट जैसे संवेदनशील कार्यालय तक आने वाला मार्ग ही अगर इस स्थिति में होगा तो जिले के अन्य ग्रामीण मार्गों की दशा का अंदाजा सहज लगाया जा सकता है। सुबह और शाम के समय जब आवाजाही अधिक होती है, तब वाहन चालक सबसे अधिक परेशान होते हैं। बाइक और आटो चालक लोगों को इन गड्ढों से बचते हुए निकलने में खासी दिक्कत होती है। कई मामलों में छोटे हादसे भी हो चुके हैं, लेकिन किसी तरह की बड़ी कार्रवाई या स्थायी मरम्मत कार्य शुरू नहीं हुआ। व्यापारियों और आस-पास के दुकानदारों ने भी सड़क की बदहाली पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि धूल, मिट्टी और गिट्टी के कारण बाजार में व्यापार प्रभावित हो रहा है।

**सुधार के उपाए पर नही ध्यान**

इस मार्ग से गुजरने वाले जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों की गाडियां भी इन गड्ढों में झटके खाती हुई आगे बढ़ती हैं, इसके बावजूद अब तक सुधारात्मक कदम उठाए नहीं गए हैं। कुल मिलाकर, कलेक्ट्रेट मार्ग का जर्जर होना न केवल प्रशासनिक केंद्र तक पहुंचने में बाधा है, बल्कि जिले के विकास और सुरक्षा पर भी बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। जनता की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस मार्ग की शीघ्र मरम्मत अब अत्यावश्यक हो चुकी है।

## रेलवे जंक्शन अनूपपुर बना कुत्तो व पशुओं का अड्डा, जिम्मेदारों की अनदेखी जारी







**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** रेलवे जंक्शन अनूपपुर का परिसर इन दिनों आवारा कुत्तो और बेसहारा मवेशियों का स्थायी ठिकाना बन गया है। स्टेशन पर यात्रियों की आवाजाही के बीच इन जानवरों की मौजूदगी से आए दिन अव्यवस्था और डर का माहौल बना रहता है। यात्री जहां ट्रेनों के आने-जाने के दौरान जल्दबाजी में प्लेटफॉर्म तक पहुंचने के लिए कुत्तों और मवेशियों का झुंड अचानक सामने आ जाने से दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। सुबह और शाम के समय प्लेटफॉर्म पर कुत्तो के झुंड देखे जा सकते हैं जो यात्रियों के इर्द-गिर्द घूमते रहते हैं। कई बार छोटे बच्चों और बुजुर्ग यात्रियों को कुत्ते डराने या भौंकने लगते हैं। दूसरी ओर, बेसहारा गाय-बैल स्टेशन परिसर, पार्किंग स्थल और प्रवेश द्वार के पास आराम फरमाते नजर आते हैं। इन जानवरों के कारण परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। मवेशियों द्वारा जगह-जगह फैलाई गई गंदगी और मल-मूत्र से वातावरण दूषित हो रहा है। रेलवे प्रशासन की ओर से इन पर रोक लगाने की कोई ठोस पहल नहीं दिखती। नगर पालिका और पशु विभाग के बीच जिम्मेदारी तय न होने से स्थिति दिनोंदिन बिगड़ती जा रही है।

**लोगों की मांग, जिम्मेदार विभाग करें समाधान**

स्थानीय नागरिकों और यात्रियों का कहना है कि स्टेशन पर रोजाना हजारों यात्री गुजरते हैं, ऐसे में जानवरों की उपस्थिति से किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। बेसहारा मवेशी पार्किंग स्थल में खड़ी दोपहिया और चारपहिया वाहनों को नुकसान पहुंचा देते हैं। लोगों की मांग है कि रेलवे प्रशासन, नगर पालिका और पशु विभाग संयुक्त रूप से कार्रवाई कर स्टेशन परिसर से आवारा जानवरों को हटाने की स्थायी व्यवस्था करे। साथ ही, आसपास की सुरक्षा को मजबूत किया जाए ताकि जानवरों का प्रवेश रोका जा सके। स्टेशन को अमृत भारत योजना के तहत आकर्षक रूप तो दिया गया, लेकिन अव्यवस्था जस की तरह नजर आ रही है वही दिर-रात परिसर के बाहर मुख्य द्वार पर आवारा कुत्ते और बेसहारा पशुओं की चहलकदमी बनी रहती है, जिसके कारण आने-जाने वाले यात्रियों एवं वाहनों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## 4 करोड़ के पुल में चोरी की रेत और पुराने सरिया का उपयोग

**अनूपपुर।** जिला मुख्यालय से महज 1 किलोमीटर दूर ग्राम हर्री-बर्री जाने वाले मार्ग पर तिपान नदी में निर्मित पुल की लागत 4 करोड़ 20 लाख रूपए है, परंतु टेंडर बिलो दर में होने के कारण 3 करोड़ 66 लाख रूपए से निर्मित हो रहा है। करोड़ों रुपये की लागत से पुलिया निर्माण कार्य जारी है। लेकिन हकीकत इसके ठीक उलट सामने आ रही है। निर्माण कार्य में जिस गुणवत्ता और मजबूती की उम्मीद की जाती है, वहां ठेकेदार द्वारा खुलेआम नदी की रेत और जंग लगे पुराने सरिए का इस्तेमाल किया जा रहा है। यह न केवल सरकारी धन का दुरुपयोग है बल्कि आमजन की सुरक्षा से भी खिलवाड़ है। स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों ने बताया कि निर्माण स्थल पर ट्रैक्टर-ट्रॉली में लाकर नदी की रेत सीधे ढेर कर दी गई है और उसी का उपयोग कंक्रीट मिक्सिंग में किया जाता है। नियमों के अनुसार पुलिया और पुल जैसे संरचनात्मक कार्यों में केवल स्वीकृत क्वालिटी की रेत और मानक सरिए का उपयोग किया जाना चाहिए, लेकिन यहां नियमों की अनदेखी कर सस्ते और घटिया सामान से काम चलाया जा रहा है। कई सरिए पहले से जंग खाए हुए और मुड़े-तुड़े हैं, जिन्हें काटकर और जोड़कर ढांचा खड़ा किया जा रहा है। इससे पुलिया की आयु और मजबूती दोनों पर असर पड़ेगा।

**न्यायालय : मनोज कुमार लढ़िया प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, अनूपपुर, जिला-अनूपपुर म.प्र.**

प्रो.क्र.-575/न्याया./2025 अनूपपुर दिनांक 12/11/2025
प्रोसेस क्रमांक.575 /2025 प्रकरण क्रमांक. 14/2024
तारीख पेशी - 23.12.2025

गरिमा पटेल आयु 15 वर्ष पिता बुद्धसेन पटेल नाबालिक जरिये संरक्षक बली माँ श्रीमती निशा पटेल पति बुद्धसेन पटेल निवासी ग्राम पिपरिया पो. पिपरिया थाना व तहसील अनूपपुर हाल निवासी शंकर मंदिर वार्ड नं. - 11 अनूपपुर जिला अनूपपुर म.प्र. ......आवेदिका

बनाम

बुद्धसेन पटेल आयु- 60 वर्ष पिता स्व. हंसलाल पटेल निवासी ग्राम पिपरिया पो. पिपरिया थाना व तहसील अनूपपुर जिला अनूपपुर म.प्र. .....अनावेदक

// इश्तहार //

प्रति,
बुद्धसेन पटेल आयु 60 वर्ष पिता स्व. हंसलाल पटेल निवासी ग्राम पिपरिया पो. पिपरिया थाना व तहसील अनूपपुर जिला अनूपपुर म.प्र.

क्योंकि आवेदक गरिमा पटेल आयु 15 वर्ष पिता बुद्धसेन पटेल नाबालिक जरिये संरक्षक बली माँ श्रीमती निशा पटेल पति बुद्धसेन पटेल ने आपके विरूद्ध एम.जे.सी.आर. क्रमांक-14/2024 गरिमा पटेल बनाम बुद्धसेन पटेल दिनांक 20.02.2024 को आवेदन अन्तर्गत धारा 125 द.प्र.स. हेतु प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया है। इसलिए आपको सूचित किया जाता है कि आप स्वयं या अपने किसी अधिकृत अधिवक्ता के द्वारा जिन्हे प्रकरण के तथ्यों का सम्यक ज्ञान हो के द्वारा आगामी सुनवायी तिथि 23.12.2025 को दिन के 11:00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना जवाब प्रस्तुत करें एवं जिन दस्तावेजों पर आप विश्वास करते हैं उन्हें भी प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण की सुनवाई की जाकर एक पक्षीय आदेश पारित किया जा सकेगा। उक्त दिनांक 23.12.2025 अवकाश घोषित हो जाने पर अथवा किसी कारणवश न्यायालय की कार्यवाही स्थिगित हो जाने पर प्रकरण की सुनवायी अगले कार्य दिवस को की जावेगी। आज दिनांक 12.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा जारी किया गया।

मुद्रा

मनोज कुमार लढ़िया,
प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय,
अनूपपुर,जिला-अनूपपुर म.प्र.

कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण की सुनवाई मे लिया जायेगा।